(4) श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, नारकोटिक्स, इंदौर का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जाती तो अपने पद पर बनी रहतीं.

भोपाल, दिनांक 23 अगस्त 2012

क्र. एफ-1(ए)91-01-ब-2-दो.—डॉ. के. के. लोहानी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, भोपाल को दिनांक 10 से 22 सितम्बर 2012 तक, तेरह दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 8, 9 एवं 23 सितम्बर 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुये, राज्य शासन द्वारा उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के द्वितीय ब्लाक वर्ष 2012-13 में गृह नगर अवकाश यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की पात्रता के तहत सपरिवार ''कन्याकुमारी'' अवकाश यात्रा पर परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1. डॉ. के. के. लोहानी, - स्वयं
2. डॉ. श्रीमती रश्मि लोहानी - पत्नी

(2) उक्त यात्रा हेतु डॉ. के. के. लोहानी, भापुसे, को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में डॉ. के. के. लोहानी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, भोपाल का कार्य श्री ए. के. सिंह, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल (अभियान एवं प्रशिक्षण), पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर डॉ. के. के. लोहानी, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(5) डॉ. के. के. लोहानी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में डॉ. के. के. लोहानी, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. के. के. लोहानी, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2012

क्र. एफ-1(ए) 110-86-ब-2-दो.—श्री विवेक जौहरी, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 21 से 30 अगस्त 2012 तक, कुल दस दिवस का अर्जित अवकाश राज्य शासन द्वारा स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री विवेक जौहरी, भापुसे, की अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री एस. के. पाण्डेय, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा, पु.मु. भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री विवेक जौहरी, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री विवेक जौहरी, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री विवेक जौहरी, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विवेक जौहरी, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इन्द्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 27 अगस्त 2012

क्र. एफ-31-3-2010-दो-ए (3).—राज्य शासन ब्रिगेडियर (से.नि.) श्री जार्ज मथाई, संचालक, सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल के कार्यकाल में संविदा आधार पर दिनांक 16 अगस्त 2012 से 15 फरवरी 2013 तक के लिए निम्नलिखित शर्तों पर वृद्धि प्रदान करता है :—

1. सेना से सेवानिवृत्त अधिकारियों की संविदा नियुक्ति/ पुनर्नियुक्ति की अवधि में वेतन निर्धारण, सेना से मिलने वाले अंतिम वेतन में से पेंशन, जो छठवे वेतन आयोग के पश्चात् पुनरीक्षित की गई, की राशि को घटाकर निर्धारित किया जावेगा तथा इस प्रकार वेतन एवं पेंशन मिलाकर रुपए 80,000/- (रुपए अस्सी हजार) से अधिक नहीं होगा. सेना की पेंशन पृथक् से देय होगी.

2. मंहगाई भत्ता वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ-बी 8-3-81-आर-दो-चार, दिनांक 25 जून 1981 एवं समय-समय पर संशोधित आदेशों के अनुसार देय होगा.

3. दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी.

4. शासकीय सेवकों के समान चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा अस्थायी कर्मचारियों के समान अवकाश की पात्रता होगी.

5. यात्रा भत्ते की पात्रता राज्य के यात्रा भत्ता नियम के अन्तर्गत होगी.

6. अधिकारी पर नियुक्ति अवधि में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 लागू होंगे.

7. अधिकारी को नियुक्ति की अवधि में अपने कार्यालय के वित्तीय मामलों एवं आपत्तियों का निराकरण कराना होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भारती दशपुत्रे, अवर सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 अगस्त 2012

क्र. एफ-7-27-2006-बत्तीस-1.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 65 के अध्यधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री भगवान दास धूत को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी के अध्यक्ष पद पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश तक नियुक्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आशीष सक्सेना, उप सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग
संशोधन आदेश

भोपाल, दिनांक 23 अगस्त 2012

फा. क्र. 1(सी)-27-2006-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब (दो).—इस विभाग के समसंख्यक आदेश क्रमांक दिनांक 20 अप्रैल 2012 को निरस्त करते हुये, राज्य शासन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार मण्डला जिले के लिए विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालयों के लिये अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 के नियम 4 (1) के अनुसार श्री राजीव सिंह ठाकुर, अधिवक्ता को जिला दमोह में विशिष्ठ ज्येष्ठ अधिवक्ता नियुक्त करता है.

उक्त नियुक्ति उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये होगी. यह नियुक्ति बिना कोई कारण बताये एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकती है.

विशेष लोक अभियोजक की अनुपस्थिति के दिनांक पर न्यायालय में केवल उस दिन की कार्यवाही हेतु पैनल अधिवक्ताओं को कार्य चक्रानुक्रम से जिला दण्डाधिकारी द्वारा आवंटित किया जायेगा.

नियुक्त अभिभाषक को शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1 (सी)-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 24 अप्रैल 2008 के अनुरूप देय होंगे.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या-64-मुख्य शीर्ष-2225-(5171) विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस प्रभार के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

देयक का भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

भोपाल, दिनांक 27 अगस्त 2012

फा. क्र. 1-अ-3-03-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, एतद्द्वारा अतिरिक्त महाधिवक्ता, कार्यालय ग्वालियर में पदस्थ कु. नूतन सक्सेना, शासकीय अधिवक्ता जिनका कार्यकाल दिनांक 2 अगस्त 2012 तक का था, के कार्यकाल में एतद्द्वारा दिनांक 3 अगस्त 2012 से 15 सितम्बर 2012 तक की वृद्धि करता है.

फा. क्र. 1-अ-3-2012-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, एतद्द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष मध्यप्रदेश शासन की ओर से पक्ष समर्थन करने वाले उन विधि अधिकारियों के लिये जो कि नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में वर्णित है उनके नाम के सम्मुख कॉलम (3) में दर्शायी गई वर्तमान रिटेनर फीस को पुनरीक्षित कर कॉलम (4) में मासिक पारिश्रमिक (रिटेनर फीस) के रूप में आदेश जारी होने के दिनांक से नियत करता है:—

सारणी

क्र.	पदनाम	वर्तमान निश्चित मासिक पारिश्रमिक	पुनरीक्षित निश्चित मासिक पारिश्रमिक
(1)	(2)	(3)	(4)
1	महाधिवक्ता	रु. 30,000/- (रु. तीस हजार केवल)	रु. 70,000/- (रु. सत्तर हजार केवल)
2	अति. महाधिवक्ता	रु. 25,000/- (रु. पच्चीस हजार केवल)	रु. 55,000/- (रु. पचपन हजार केवल)

(1)	(2)	(3)	(4)
3	उप महाधिवक्ता	रु. 23,000/- (रु. तेईस हजार केवल)	रु. 50,000/- (रु. पचास हजार केवल)
4	शासकीय अधिवक्ता	रु. 20,000/- (रु. बीस हजार केवल)	रु. 35,000/- (रु. पैंतीस हजार केवल)
5	उप शासकीय अधिवक्ता	रु. 17,000/- (रु. सत्रह हजार केवल)	रु. 30,000/- (रु. तीस हजार केवल)

उक्त व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन(114) कानूनी सलाहकार और परिषद-(3428) महाधिवक्ता, 01-वेतन-001-अधिकारियों का वेतन के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

वित्त विभाग के यू. ओ. क्रमांक 128-36-ब-8-चार-12, दिनांक 31 जनवरी 2012 द्वारा सहमति प्रदान की गयी है. अत: यह प्रशासकीय विभाग इस आदेश को वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत महालेखाकार, ग्वालियर को पृष्ठांकित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल वर्मा, सचिव.

भोपाल, दिनांक 27 अगस्त 2012

फा. क्र. 3(ए) 2-2012-इक्कीस-ब(एक).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 के (खण्ड) (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय के परामर्श से मध्यप्रदेश शासन निम्नलिखित सिविल न्यायाधीशगण (वरिष्ठ श्रेणी), को मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 यथासंशोधित नियम 5(1) (ए) के अन्तर्गत उनके कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर), वेतनमान रुपये 51550—1230—58930— 1380—63070, के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त करता है:—

1. श्री सतीश चन्द्र राय, पन्द्रहवें ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, जबलपुर, जिला जबलपुर.
2. श्री कमल जोशी, द्वितीय ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, बेगमगंज, जिला रायसेन.
3. श्रीमती माया विश्वलाल, द्वितीय ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, शुजालपुर, जिला शाजापुर.
4. श्री चन्द्रदेव शर्मा, चतुर्थ ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, कटनी, जिला कटनी.
5. श्री भागवत प्रसाद पाण्डे, पंचम ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, रीवा, जिला रीवा.
6. श्री उमेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, कटनी, जिला कटनी.
7. श्री हितेन्द्र कुमार मिश्रा, चौदहवें ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, इन्दौर, जिला इन्दौर.
8. श्री पूरनचन्द्र गुप्ता, द्वितीय ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, कुक्षी, जिला धार.
9. श्री काशीनाथ सिंह, ए.डी.जे. के अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, पिपरिया, जिला होशंगाबाद.
10. डॉ. रमेश साहू, द्वितीय ए.डी.जे. के अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, ब्यावरा, जिला राजगढ़.
11. श्री विजय चन्द्रा, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओ.एस.डी.) उच्च न्यायालय, संबद्ध विधिक सहायता (तदर्थ ए.डी.जे. फास्ट ट्रेक कोर्ट), जबलपुर.
12. श्री श्रीपाल यादव, ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, कोतमा, जिला अनूपपुर.
13. श्री दिलीप कुमार मित्तल, द्वितीय ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, मुंगावली, जिला अशोकनगर.
14. श्री शिवकान्त पाण्डे, चतुर्थ ए.डी.जे. एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, दमोह, जिला दमोह.
15. श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव, षष्टम् ए.डी.जे. के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रेक कोर्ट, मंदसौर, जिला मंदसौर.

भोपाल, दिनांक 28 अगस्त 2012

क्र. 5006-इक्कीस-अ (स्था.).—राज्य शासन, श्री परितोष कुमार तिवारी, अवर सचिव, अनुवाद को उपसचिव (हिन्दी प्रारुपण) के पद पर पदोन्नति हेतु प्रावधानित पांच वर्ष की सेवा अवधि में शेष रही अवधि की छूट प्रदान करते हुए नीचे अंकित शर्त के अधीन उन्हें अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, स्थानापन्न रूप में मुख्य प्रारूपकार एवं उपसचिव के पद पर पुनरीक्षित वेतन बेण्ड रु. 15600—39100 ग्रेड-पे रु. 7600/- में दिनांक 1 सितम्बर 2012 से पदोन्नत करता है.

क्र. 5007-इक्कीस-अ (स्था.).—राज्य शासन श्री महेन्द्र कुमार जैन, अनुभाग अधिकारी, अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय, ग्वालियर को नीचे अंकित शर्त के अधीन उन्हें अस्थायी रूप से, आगामी

आदेश होने तक स्थानापन्न रूप में विधि विभाग, भोपाल में प्रारूपकार-सह-अवर सचिव के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रु. 15600—39100 ग्रेड-पे रु. 6600/- में दिनांक 1 जुलाई 2012 से पदोन्नत करता है.

शर्त—श्री परितोष कुमार तिवारी और श्री महेन्द्र कुमार जैन को जब भी भारत सरकार विधि मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण आयोजित हो, तब वे अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे. कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा पदोन्नति आदेश निरस्त कर मूल पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा.

क्र. 5008-इक्कीस-अ(स्था.).—राज्य शासन, श्रीमती रजनी पंचोली, निजी सचिव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, स्थानापन्न रूप में स्टाफ आफीसर के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रु. 15600—39100 ग्रेड-पे रु. 6600/- में दिनांक 1 सितम्बर 2012 से पदोन्नत करता है.

''प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त पदों के संबंध में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण संबंधी नियमों, आदेशों एवं नियमों का पालन किया गया है.''.

क्र. 5010-इक्कीस-अ(स्था.).—राज्य शासन, श्री एन. के. शुक्ला, सहायक ग्रेड-1 को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, स्थानापन्न रूप में अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय, ग्वालियर में अनुभाग अधिकारी (द्वितीय श्रेणी) के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रु. 9300—34800+ग्रेड पे रु. 4200/- में दिनांक 1 जुलाई 2012 से पदोन्नत करता है.

क्र. 5011-इक्कीस-अ(स्था.).—राज्य शासन, श्रीमती शोभा गोगटे, सहायक ग्रेड-1 को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, स्थानापन्न रूप में अनुभाग अधिकारी (द्वितीय श्रेणी) के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रु. 9300—34800+ग्रेड पे रु. 4200/- में दिनांक 1 जुलाई 2012 से पदोन्नत करता है.

क्र. 5012-इक्कीस-अ(स्था.).—राज्य शासन, श्री जेड. आर. खान, निज सहायक, अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय, ग्वालियर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, स्थानापन्न रूप से महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर में निजी सचिव (द्वितीय श्रेणी) के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रु. 9300—34800+ग्रेड पे रु. 4200/- में दिनांक 1 जुलाई 2012 से पदोन्नत करता है.

क्र. 5013-इक्कीस-अ(स्था.).—राज्य शासन, श्री आर. के. सिंह, निज सहायक, (अंग्रेजी बेकग्राउंड) महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, स्थानापन्न रूप में विधि विभाग, भोपाल में निजी सचिव (द्वितीय श्रेणी) के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रु. 9300—34800+ग्रेड पे रु. 4200/- में दिनांक 1 सितम्बर 2012 से पदोन्नत करता है.

''प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त पदों के संबंध में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण संबंधी नियमों, आदेशों का पालन किया गया है.''

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

वित्त विभाग
(आर्थिक नीति एवं विश्लेषण इकाई)
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 अगस्त 2012

क्र. 287-2012-आनीविइ-चार.—मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 (क्रमांक 18 सन् 2005) की धारा 12 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन नियम, 2006 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त नियमों में,—

(1) नियम 4 में, उपनियम (1) में, खण्ड (ग) के पश्चात्, निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाए, अर्थात्:—

''(घ) जी.एस.डी.पी. की प्रतिशतता के रूप में कुल परादेय ऋण.'';

(2) प्ररूप-एफ-2 में, शीर्षक ''क. राजकोषीय सूचक-चल लक्ष्य (रोलिंग टारगेट्स)'' में कालम (1) में अनुक्रमांक (3) के पश्चात्, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित टिप्पण जोड़ा जाए, अर्थात्:—

''4''सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) की प्रतिशतता के अनुसार कुल परादेय ऋण.

टिप्पणी.—''राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वित्तीय वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14 तथा 2014-15 के लिये कुल परादेय ऋण उक्त वर्ष के लिये प्राक्कलित जी.एस.डी.पी. के क्रमशः 37.6 प्रतिशत , 36.8 प्रतिशत 36.0 प्रतिशत तथा 35.3 प्रतिशत से अधिक नहीं हो.''.

यह संशोधन राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावशील होगा.

No. 287-2012-EPAU-IV.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 12 of the Madhya Pradesh Rajkoshiya Uttardayitva Avam Budget Prabandhan Adhiniyam, 2005 (No. 18 of 2005), the State Government, hereby, makes the following amendments in the Madhya Pradesh Rajkoshiya Uttardayitva Avam

Budget Prabandhan Sanshodhan Niyam, 2006, namely:—

AMENDMENT

In the said rules,—

(1) In rule 4, in sub-rule (1), for clause (c), the following clause shall be added, namely:—

"(d) outstanding total debt as a percentage of GSDP.";

(2) In Form F-2, under the heading Fiscal Indicators-Rolling Targets, in column (1), after serial number 3, the following serial number and note relating thereto shall be added, namely:—

"4. Outstanding total debt as a percentage of GSDP.

Note.—"The State Government shall ensure that total outstanding debt do not exceed 37.6 percent, 36.8 percent, 36.0 and 35.3 percent for the financial year 2011-12, 2012-13, 2013-14 and 2014-15 respectively of the estimated GSDP for that year.".

This amendment will come into force with effect from the date of its publication in the Madhya Pradesh Gazette.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनीष रस्तोगी, सचिव.

राजस्व विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

सूचना

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. एफ-1-1-2012-सात-6.—मध्यप्रदेश, भू-राजस्व संहिता, 1959 (1959 का क्रमांक 20) की धारा 13 की उपधारा (2) के प्रतिबंध में निहित उपबंध के अनुसरण में, इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा की उपधारा (1), उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में राज्य शासन एक **नवीन तहसील, जिला विदिशा** सृजित करने हेतु निम्न अनुसूची के कॉलम (5) में उल्लेखित किये गये अनुसार वर्तमान तहसील कुरवाई, जिला विदिशा की सीमाओं को परिवर्तित करने, कॉलम (2) में दर्शायी तहसील को कॉलम (3) में दर्शाये उसके नाम के मुख्यालय से उसकी स्थापना करने तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित किये अनुसार नवीन तहसील की सीमाएं निर्धारित करने का प्रस्ताव करता है.

(2) इस प्रस्ताव पर "मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 60 दिन समाप्त होने पर विचार किया जावेगा और इसके संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव उक्त कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को लिखित में भेजे जा सकेंगे:—

क्र.	प्रस्तावित तहसील	मुख्यालय	वर्तमान तहसील	परिवर्तन का प्रकार	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	पठारी	पठारी	कुरवाई	वर्तमान तहसील कुरवाई के राजस्व निरीक्षक मण्डल पठारी के पटवारी हल्के नम्बर 55 एवं 57 लगायत 76 कुल 21 पटवारी हल्के जिनमें 67 ग्राम होंगे.	**पूर्व में**—तहसील खुरई, जिला सागर **पश्चिम में**—तहसील कुरवाई. **उत्तर में**—तहसील बीना, जिला सागर. **दक्षिण में**—तहसील बासौदा.

क्र.	शेष तहसील	मुख्यालय	शेष तहसील कुलवाई	परिवर्तन का प्रकार	सीमाएं
2.	कुरवाई	कुरवाई		वर्तमान तहसील कुरवाई के रा.नि.मं. कुरवाई के प.ह.ह.नं. 1 लगायत 31, 35, 37 से 41, 43, 44 कुल 39 पटवारी हल्कों के 111 ग्राम तथा राजस्व निरीक्षक मण्डल पठारी के पटवारी हल्का नं. 32, 33, 34, 36, 42, 45 से लगायत 54 एवं 56 कुल 16 पटवारी हल्कों के 48 ग्राम, इस प्रकार कुल 55 पटवारी हल्के एवं 159 ग्राम होंगे.	**पूर्व में**—तहसील बीना, जिला सागर. **पश्चिम में**—तहसील सिरोंज **उत्तर में**—तहसील मुंगावली, जिला अशोकनगर **दक्षिण में**—तहसील बासोदा.

प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सकें.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

आर. सी. वी.पी.नरोन्हा प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल

(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

संशोधित अधिसूचना

भोपाल, दिनांक 25 अगस्त 2012

क्र. 6650-2205-अका-विपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा विभागीय परीक्षा माह 2012 को प्रश्न-पत्र दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया द्वितीय (पुस्तकों सहित) सम्पन्न हुआ था, जो कि सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये रहता है कि अधिसूचना क्रमांक 4656-2205-अका-विपप्र-2012, दिनांक 11 जून 2012 को जारी की गई थी, में उज्जैन संभाग से सम्मिलित परीक्षार्थी श्री विनोद कुमार शर्मा, सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख अंकित है, के स्थान पर अब श्री विवेक कुमार शर्मा, सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख, पढ़ा जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनुराग श्रीवास्तव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

वित्त विभाग

(आर्थिक नीति एवं विश्लेषण इकाई)

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 अगस्त 2012

क्र. एफ-11-02-2012-आनीविइ-चार.—सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक 3-06-2012-एक(1), दिनांक 6 जून 2012 के द्वारा डॉ. ढालसिंह बिसेन, अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग, मध्यप्रदेश, भोपाल को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है.

2. राज्य शासन, अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग को देय वेतन भत्तों एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जारी आदेश क्रमांक 237-एफ-11-02-2012-आनीविइ-चार, दिनांक 11 जुलाई 2012 निरस्त करते हुए अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग को देय वेतन भत्ते एवं अन्य सुविधाएं निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:—

क. राज्य शासन, एतद्द्वारा अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग को देय सुविधाएं एवं परिलब्धियां मध्यप्रदेश, राज्य वित्त आयोग अधिनियम, 1994 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 8 द्वारा मध्यप्रदेश, राज्य वित्त आयोग (वेतन तथा भत्ता) नियम, 1994 के अन्तर्गत निम्नानुसार निर्धारित करता है:—

(1) **वेतन भत्ता—**

विवरण	दर
(i) वेतन	27,000/-
(ii) सत्कार भत्ता	30,000/-
(iii) दैनिक भत्ता:—अ. राज्य के भीतर	1200/-
ब. राज्य के बाहर	1500/-

ख. उपरोक्त के अलावा आवास सुविधा, विद्युत् व्यय (मासिक), पानी पर व्यय, वाहन एवं वाहन चालक, ईंधन, चिकित्सा सुविधाएं, यात्रा सुविधा, यात्रा के दौरान दैनिक भत्ता, व्यक्तिगत स्टाफ, गार्ड सुविधा, दूरभाष, आयकर तथा अन्य सुविधाएं यथा सर्किट हाऊस/रेस्ट हाऊस इत्यादि मंत्री के समान प्राप्त होंगी.

ग. उपरोक्त प्रावधान डॉ. ढालसिंह बिसेन, अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग को कार्यभार ग्रहण के दिनांक अर्थात् दिनांक 15 फरवरी 2012 से देय होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनीष रस्तोगी, आयुक्त बजट.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश

क्र. 6830-जि.भू-अर्जन/2012 सिवनी, दिनांक 28 अगस्त 2012

भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (1894 का क्रमांक-1) की धारा 41 के अन्तर्गत

अनुबंध-पत्र

राजस्व प्रकरण क्रमांक 11-अ-82/2010-11

यह अनुबंध-पत्र प्रथम पक्ष के रूप में मध्यप्रदेश के राज्यपाल जिनकी ओर से कलेक्टर, जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग कार्य कर रहे हैं, (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "राज्यपाल" कहा गया है जिस अभिव्यक्ति के अंतर्गत जब तक संदर्भ

से अन्यथा अपेक्षित न हो उनके पद उत्तरवर्ती और समनुदेशित भी सम्मिलित है) तथा द्वितीय पक्ष के रूप में मेसर्स झाबुआ पॉवर लिमिटेड ग्राम बरेला तह. घंसौर, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश जो भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड है (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् ''कंपनी'' कहा गया है) जिस अभिव्यक्ति के अन्तर्गत जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो उनके विधिक प्रतिनिधि, निष्पादक, पद उत्तरवादी और समनुदेशिति भी सम्मिलित है. जिसकी ओर से मुख्त्यार—

श्री संजीव मेंदीरत्ता, डायरेक्टर जो मेसर्स झाबुआ पॉवर लिमिटेड ग्राम बरेला, तह. घंसौर, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश में कार्य कर रहे हैं, के मध्य आज दिनांक 10-8-12 को सम्पादित किया जा रहा है.

(1) कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन को (जिसे आगे राज्य शासन कहा गया है) मेसर्स झाबुआ पॉवर प्लांट की रेलवे साईडिंग के निर्माण के कारण प्रभावित होने से ग्राम बिनेकीकला, प.ह.नं. 12, तहसील घंसौर, जिला सिवनी के अन्तर्गत निजी अनुसूचित जनजाति की कृषि भूमि कुल सर्वे नंबर संख्या 5 कुल क्षेत्रफल 3.77 हे. भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियां के भू-अर्जन हेतु भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के प्रावधानों के अन्तर्गत आवेदन-पत्र माननीय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, राजस्व विभाग, जिला सिवनी के कार्यालय में पेश किया है, जिसका विवरण निम्नानुसार परिशिष्ट-1 पर अंकित किया गया है:—

परिशिष्ट—1

अनुसूचित जनजाति की कृषि भूमि एवं उस पर स्थित संरचनाएं/परिसंपत्तियां एफ.आर.एल. के अन्तर्गत ग्राम बिनेकीकला

अनु. क्र.	ग्राम का नाम	नाम भूमिस्वामी / पिता का नाम एवं जाति	भूमि खसरा नंबर	कुल रकबा	अधिग्रहण हेतु प्रस्ता. रकबा	सम्पत्ति का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	बिनेकीकला	लीलाबाई पति स्व. श्री जीतू सन्तोष ताराबाई, तुलसी, संगीता बाई पिता स्व. श्री जीत, जाति गौंड.	73/1	1.00	1.00	कुआं पक्का 1, एक पक्का मकान
2	बिनेकीकला	खेतु पिता सीम्मु गौड़	73/2	0.30	0.30	निरंक
3	बिनेकीकला	घनश्याम पिता मनीराम बैगा	73/3	0.40	0.40	निरंक
4	बिनेकीकला	खेतु पिता सीम्मु गौंड	74	1.20	1.20	1 बोर
5	बिनेकीकला	रामचरण पिता चुमका गौंड	177	0.87	0.87	निरंक
	योग	5 खातेदार	5	3.77	3.77	

2. राज्य शासन के अनुसार आवश्यक एवं निर्धारित प्रक्रिया से जांच कर इस बात की संतुष्टि कर ली है कि उक्त विद्युत परियोजना राज्य में विद्युत की कमी की पूर्ति हेतु और क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है.

3. कंपनी के भू-अर्जन आवेदन-पत्र के आधार पर राज्य शासन द्वारा दिनांक 24 जनवरी 1996 को संपन्न भू-अर्जन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक 2504/1820/2011/सात/2ए, भोपाल, दिनांक 13/6/2011 के निर्देशानुसार भू-अर्जन की शर्त का इस अनुबंध-पत्र में समावेश किया गया है.

4. कंपनी को प्रस्तावित अनुमति की शर्त के पालन में कंपनी को राज्यपाल के साथ भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 41 के अन्तर्गत विहित प्रावधान अनुसार अनुबंध निष्पादित करना है. कंपनी की ओर से सहमत होकर यह अनुबंध-पत्र निष्पादित किया जाता है.

कंपनी निम्न प्रकार सहमत होकर घोषणा करती है कि—

(क) कंपनी राज्य शासन को अथवा राज्य शासन के द्वारा इस हेतु नियुक्त व्यक्ति को ऐसी समस्त राशि का अग्रिम भुगतान करेंगी जो भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के प्रावधानों के अन्तर्गत अवार्ड की राशि जो उक्त भूमि पर स्वत्वधारी व्यक्तियों को मुआवजे के रूप में भुगतान योग्य होगी.

(ख) कंपनी राज्य शासन को ऐसे सभी प्रभारों (खर्च) का भुगतान भी करेगी जो अधिनियम के अनुसार उक्त भूमि के भू-अर्जन कार्य से युक्तिसंगत संबंधित होगा.

(ग) उपर्युक्त (क) तथा (ख) में वर्णित समस्त भुगतानों के बाद ही राज्यपाल परिशिष्ट 1, में वर्णित अनुसूचित जनजाति की निजी कृषि भूमि तथा उस पर स्थित संरचनाएं/परिसंपत्तियां कंपनी को प्रदान करेगा—

(i) झाबुआ पॉवर प्लांट के निर्माण से प्रभावित ग्राम बिनेकीकला की अनुसूचित जनजाति की निजी कृषि भूमि एवं उस पर स्थित संरचनाओं के प्रस्तुत अर्जन प्रस्ताव पर दिनांक 24 जनवरी 1996 को सम्पन्न भू-अर्जन समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार **तहसील घंसौर, जिला सिवनी** के **ग्राम बिनेकीकला** की अनुसूचित जनजाति की निजी कृषि भूमि क्षेत्रफल 3.77 हेक्टर तथा उस पर स्थित संरचनाओं के संबंध में भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के प्रावधान अंतर्गत निम्न शर्तों पर भू-अर्जन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जावेगी.

1. कंपनी (इस आशय के करारनामे या वचनबद्धता के अनुसार) जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है उनके परिवार के कम से कम एक सदस्य को पात्रतानुसार नौकरी देने में प्राथमिकता देगी. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिए पुनर्वास किये जाने की स्थायी योजना को संबंधित प्रोजेक्ट में शामिल किया जावेगा.

2. भू-अर्जन अधिनियम के अन्तर्गत भू-अर्जन की जा रही भूमि के मूल्यांकन के आधार पर शत-प्रतिशत राशि के साथ 10 प्रतिशत राशि जमा कराये जाने के संबंधी कार्य संबंधित कलेक्टर्स के द्वारा भू-अर्जन अधिनियम तथा संबंधित विधिक उपबंधों एवं शासनादेशों के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों तथा शर्तों के आधार पर किया जावे.

3. संबंधित कंपनी के लिये भू-अर्जन किये जाने संबंधी कार्य संबंधित कलेक्टर्स के द्वारा भू-अर्जन अधिनियम तथा संबंधित विधिक उपबंधों एवं शासनादेशों के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों तथा शर्तों के आधार पर किया जावे.

4. संबंधित परियोजना को स्थापित करने के संबंध में संबंधित कंपनी द्वारा म.प्र. पुनर्वास नीति के अन्तर्गत पुनर्वास की कार्यवाही की जावेगी.

5. कंपनी के संबंध में करारनामा, वचनबद्धता एवं शर्त आदि लागू करने के लिए कलेक्टर कार्यवाही करेंगे.

6. भूमि के किसी उपयोग या उस पर किसी निर्माण के पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां अनुमोदन एवं अनापत्तियां संबंधित संस्था को जैसे नगर निगम, नगर तथा ग्रामीण निवेश विभाग एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं, कलेक्टर आदि से प्राप्त करना होंगी तथा मास्टर प्लान एवं पर्यावरण संस्था के नियमों आदि का पूर्ण पालन किया जावेगा.

7. अर्जित की गयी निजी भूमि का वार्षिक व्यपवर्तन कर कंपनी द्वारा देय होगा.

8. भूमि जिस उपयोग के लिये अर्जन की जा रही है वही उपयोग कंपनी द्वारा किया जावेगा.

9. भूमि पर निर्माण कार्य कराते समय सामान्य जनता के निस्तार आदि का ध्यान रखा जायेगा.

10. कंपनी को दी गई भूमि या उसके किसी भाग अथवा उस पर निर्मित किसी भी निर्माण अथवा भवन आदि को बेचने, बंधक रखने, दान देने, पट्टे पर देने या अन्य प्रकार से अन्तरित करने का अधिकार नहीं होगा. (धारा 44-ए, भू-अर्जन अधिनियम के तहत).

11. यदि कंपनी को दी गई भूमि/भवन उसके किसी भी भाग को विक्रय करती है तो भूमि अथवा उस पर निर्मित भवन, इमारतें शासन को कब्जे में लेने का अधिकार होगा और कंपनी को किसी प्रकार का मुआवजा देय नहीं होगा.

12. भूमि की केवल सतह का उपयोग किया जायेगा. आवश्यक निर्माण जैसे भवन निर्माण, नींव आदि के अतिरिक्त खुदाई नहीं की जायेगी तथा ऐसी खुदाई में प्राप्त खनिज एवं गौण खनिज पर नियमानुसार रायल्टी का भुगतान करना होगा.

13. शासन की पूर्वानुमति के बिना भूमि के उपयोग के स्वरूप को बदला नहीं जावेगा.

14. पर्यावरण की दृष्टि से पर्याप्त आवश्यक वृक्षारोपण किया जायेगा.

15. कंपनी द्वारा प्रदूषण निवारण हेतु व्यवस्था की जावेगी. इस संबंध में शासन के संबंधित विभाग के आदेशों का पालन करना होगा तथा उनसे एवं प्रदूषण निवारण मंडल से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होंगे कि पर्यावरण, जल स्रोत या वायु में प्रदूषण नहीं किया जावेगा.

16. यदि कभी उक्त भूमि का उपयोग उक्त प्रयोजन के लिए नहीं होता है या बाद में कभी बंद कर दिया जाता है तो भूमि तथा उस पर निर्मित भवनों, सम्पत्तियों के साथ शासन में निहित हो जावेगी और कंपनी को इस हेतु मुआवजा देय नहीं होगा.

17. भूमि या उसके किसी भी या उस पर बने किसी भवन आदि को उक्त उल्लेखित उपयोग के अलावा न तो किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग करने दिया जावेगा और न ही पट्टे या किराये पर दिया जावेगा.

18. भूमि जिस प्रयोजन हेतु दी गई हो उससे भिन्न प्रयोजन हेतु उपयोग किये जाने से अनाधिकृत कब्जा मानकर भूमि शासन में निहित कर ली जावेगी.

19. शासन के प्रतिनिधि या कलेक्टर या उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को भूमि के सही उपयोग तथा शर्तों के पालन की दृष्टि से कभी भी भूमि पर निर्मित भवन आदि तथा परिसर के निरीक्षण का अधिकार होगा.

20. स्थानीय आवश्यकता एवं परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक होने पर सार्वजनिक हित में राज्य शासन या कलेक्टर द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों एवं निर्देशों का पालन किये जाने के लिए कंपनी बाध्य होगी.

(ii) भू-अर्जन कार्यवाही से पूर्व यह भी देख लिया जावे कि यदि किसी अधिसूचित क्षेत्र के ग्रामों में निजी भूमि अर्जित की जा रही है तो ग्राम सभा की बैठक नियमानुसार की जाकर एवं ग्राम सभा की सहमति प्राप्त करने के पश्चात् ही यह अनुमति प्रभावशील होंगी. इसके ही इस परिस्थिति में वैकल्पिक भूमि क्रय कर देने की कार्यवाही की जायेगी.

(iii) भू-अर्जन कार्यवाही प्रारंभ करने के पूर्व यह भी देख लिया जाये कि प्रस्तावित परियोजना में वनअभ्यारण्य क्षेत्र (सेन्च्युरी) का कोई हिस्सा तो नहीं आ रहा है. यदि ऐसा होता है तो उस हेतु विधि द्वारा स्थापित सक्षम अनुमति ली जाना होगी.

(iv) कंपनी से भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 41 के प्रावधानों के अनुसार करारनामा निष्पादित कराया जाये, जिसमें उपरोक्त शर्तों का भी समावेश किया जावे.

(v) भू-अर्जन की प्रक्रिया एवं अन्य कार्यवाहियों बाबद् शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये.

दो साक्षियों की उपस्थिति में पक्ष क्र.-1 राज्य शासन की ओर से कलेक्टर, जिला सिवनी एवं पक्ष क्र.-2 की ओर से श्री संजीव मेदीरत्ता, डायरेक्टर झाबुआ पावर लिमिटेड, जिला सिवनी द्वारा हस्ताक्षरित कर यह अनुबंध-पत्र साक्षियों के समक्ष लिखित हस्ताक्षरित एवं निष्पादित किया गया है.

साक्षियों के हस्ताक्षर
(पूरा नाम, पिता का नाम एवं पूरा पता)

साक्षी क्र.-1
हस्ता./-
नाम : **खेतुलाल आत्मज सिम्मू**
पता : ग्राम बिनेकीकलां
तह. घंसौर जिला सिवनी म. प्र.
(परिचय पत्र नं. एमएक्सजी 1834571)

साक्षी क्र.-2
हस्ता./-
नाम : **प्रमोदकुमार यादव**
आत्मज कामता प्रसाद यादव
पता : ग्राम बिनेकीकलां
तह. घंसौर जिला सिवनी म. प्र.
(परिचय पत्र नं. एमपी/24/210/195401)

पक्ष क्रमांक-1
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

हस्ता./-
(अजीत कुमार)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव,
मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग,
जिला-सिवनी (म. प्र.).

पक्ष क्रमांक-2
हस्ता./-
(संजीव मेदीरत्ता)
डायरेक्टर
मेसर्स, झाबुआ पॉवर लिमि.,
जिला सिवनी (म. प्र.)

कार्यालय, राज्यपाल का सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

राजभवन, भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2012

संशोधित अधिसूचना

क्र. एफ-1-3-12-रा.स.-यू.ए. 1-1407.—राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा 26 की उपधारा (2) के तहत इस सचिवालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-1-3-12-रा.स.-यू.ए.1-933, दिनांक 23 जून 2012 के द्वारा राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नियमित कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु पैनल अनुशंसित करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था. उक्त समिति में डॉ. सुशांत दत्तागुप्ता (कुलाध्यक्ष महोदय द्वारा नामांकित एवं समिति के अध्यक्ष), प्रो. देबू चौधरी (अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नामांकित) एवं श्री कामतानाथ वैशम्पायन (राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर की कार्यपरिषद द्वारा निर्वाचित) सदस्य शामिल थे. अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नामांकित सदस्य प्रो. देबू चौधरी के द्वारा चिकित्सा आधार पर असमर्थता व्यक्त की गई है.

2. अत:, प्रो. देबू चौधरी के स्थान पर अन्य महानुभाव को समिति में सदस्य नामांकित करने हेतु अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुरोध किया गया था. तद्नुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक एफ. 13-2-2012-(सी.पी.पी. II) दिनांक 22 अगस्त 2012 के परिप्रेक्ष्य में प्रो. देबू चौधरी के स्थान पर प्रो. पी. एन. सुरेश, कुलपति, केरला कलामण्डलम, वल्लाथोल नगर, चेरूथुर्थी पो. आ., थ्रिशूर-679531 (केरल) को उक्त समिति में सदस्य नामांकित किया जाता है. समिति में नामांकित अन्य सदस्य यथावत समिति के सदस्य रहेंगे.

3. चूंकि उपरोक्त स्थिति के परिणामस्वरूप छ: सप्ताह की निर्धारित समयावधि में समिति से कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु पेनल प्राप्त नहीं हो सका है. अत: राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा 26 की उपधारा (5) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुलाध्यक्ष महोदय द्वारा समिति को पैनल प्रस्तुत करने के लिए इस संशोधित अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से 4 सप्ताह का समय प्रदान किया जाता है.

कुलाध्यक्ष, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला
विश्वविद्यालय, ग्वालियर के आदेशानुसार,
विनोद सेमवाल, राज्यपाल के प्रमुख सचिव.

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग

भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2012

क्र. 308-003-2004.—मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल के आदेश क्र. 308-003-2004, दिनांक 21 अक्टूबर 2004 द्वारा जारी स्वतंत्र जिला फोरमों के अध्यक्षों को वर्तमान प्रभार के अतिरिक्त अंशकालीक जिला फोरमों के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किये जाने के आदेश में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है:—

1. उक्त आदेश के क्रमांक-19 में वर्णित अध्यक्ष जिला फोरम शिवपुरी को सम्बद्ध जिला फोरम श्योपुर का अतिरिक्त प्रभार समाप्त करते हुये जिला फोरम मुरैना के अध्यक्ष को वर्तमान प्रभार के साथ-साथ जिला फोरम, श्योपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है. तद्नुसार जिला फोरम श्योपुर अब जिला फोरम मुरैना से सम्बद्ध रहेगा.

2. उक्त आदेश के क्रमांक-14 में वर्णित अध्यक्ष जिला फोरम सतना को सम्बद्ध जिला फोरम पन्ना का अतिरिक्त प्रभार समाप्त करते हुए जिला फोरम दमोह के अध्यक्ष को वर्तमान प्रभार के साथ-साथ जिला फोरम, पन्ना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है. तद्नुसार जिला फोरम पन्ना अब जिला फोरम दमोह से सम्बद्ध रहेगा.

3. इस कार्यालय के आदेश क्र. 301-001-2004, दिनांक 18 जुलाई 2008 द्वारा अध्यक्ष जिला फोरम जबलपुर को वर्तमान प्रभार के साथ-साथ जिला फोरम, नरसिंहपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपने संबंधी आदेश तत्काल प्रभार से निरस्त किया जाकर उक्त आदेश क्र. 308-003-2004, दिनांक 21 अक्टूबर 2004 के क्रमांक-16 में वर्णित अनुसार अध्यक्ष जिला फोरम छिन्दवाड़ा को वर्तमान प्रभार के साथ-साथ पूर्ववत् जिला फोरम नरसिंहपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है. तद्नुसार जिला फोरम नरसिंहपुर अब जिला फोरम छिन्दवाड़ा से सम्बद्ध रहेगा.

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा.

माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्य आयोग के आदेशानुसार,
जी. के. शर्मा, रजिस्ट्रार.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सीहोर, दिनांक 17 अगस्त 2012

प्र. क्र. 1-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	बॉई	5.655	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा सिंचाई परियोजना की बगवाडा वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 2-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	हमीदगंज	1.146	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा सिंचाई परियोजना की बगवाडा वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 3-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	बॉकोट	1.069	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा सिंचाई परियोजना की बगवाडा वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 5-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	बोरखेडाखुर्द	5.511	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा सिंचाई परियोजना की बगवाडा वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 6-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	वासुदेव	6.637	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा सिंचाई परियोजना की बगवाडा वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 12-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	इटावाकला	4.852	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	बगवाडा वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 13-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	बगवाडा	4.062	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	बगवाडा वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 14-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	चीचली	5.857	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	गोपालपुर वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 15-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	मुहई	3.970	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	गोपालपुर वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 16-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	कुमनताल	4.580	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	गोपालपुर वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 17-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	बोरखेडाखुर्द	1.622	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	गोपालपुर वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ. वि. अ. कार्यालय, नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कवीन्द्र कियावत, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला खण्डवा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

खण्डवा, दिनांक 21 अगस्त 2012

प्र. क्र. 33-अ-82-11-12-नस्ती क्र. 76-2012-एल.ए.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) तथा उपधारा (4) के उपबंध उसके संबंध में लागू होंगे :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खण्डवा	पुनासा	पुनासा	3.747	संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लि., इन्दौर.	मूंदी-सुलगांव-सनावद मार्ग पर प्रस्तावित पुनासा बायपास निर्माण हेतु.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी खण्डवा/संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लि., इन्दौर के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 34-अ-82-11-12-नस्ती क्र. 78-2012-एल.ए.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) तथा उपधारा (4) के उपबंध उसके संबंध में लागू होंगे :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खण्डवा	पुनासा	दौलतपुरा	0.060	संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लि., इन्दौर.	मूंदी-सुलगांव-सनावद मार्ग पर प्रस्तावित पुनासा बायपास निर्माण हेतु.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी खण्डवा/संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लि., इन्दौर के कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 35-अ-82-11-12-नस्ती क्र. 77-2012-एल.ए.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) तथा उपधारा (4) के उपबंध उसके संबंध में लागू होंगे :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
